मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः 09.09.2025

थाना चुनार पुलिस टीम द्वारा अनुमानित कीमत ₹ 20 लाख के हेरोइन के साथ 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार—

"सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने तथा अवैध रूप से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाकर की जा रही कार्यवाही में थाना चुनार पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। दिनांकः 08.09.2025 को पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में थाना चुनार पुलिस टीम द्वारा मुखबीर की सूचना के आधार पर थाना चुनार क्षेत्रांतर्गत ग्राम सझौली स्थित रामरति देवी फार्मेसी कॉलेज के पास से मोटर साइकिल होण्डा साइन सवार (वाहन संख्या UP 63 X 7031) हेरोइन तस्कर अनीश गिरी पुत्र शिवपूजन गिरी निवासी ओडिया डीह थाना रामगढ़ जनपद कैमूर भभुआ, बिहार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से कुल 101 ग्राम अवैध हेरोइन व बिक्री के 1400 रूपया बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चुनार पर मु0अ0सं0-436/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है। मौके से बरामद होण्डा साइन मोटर साइकिल वाहन संख्या UP 63 X 7031 को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

विवरण पूछताछ —

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि जनपद गाजीपुर से मोटर साइकिल से हेरोइन ला रहा था कि आपके द्वारा हमें पकड़ लिया गया। हेरोइन चुनार व आसपास में छोटे-छोटे पैकेट बनाकर कर बेच देता हूं, जिससे अच्छी कमाई हो जाती है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त —

अनीश गिरी पुत्र शिवपूजन गिरी निवासी ओडिया डीह थाना रामगढ़ जनपद कैमूर भभुआ, बिहार, उम्र करीब 36 वर्ष।

बरामदगी विवरण —

101 ग्राम अवैध हेरोइन (अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत ₹ 20 लाख).

होण्डा साइन मोटर साइकिल (UP 63 X 7031)

हेरोइन बिक्री के 1400 रूपये व 02 अदद मोबाइल फोन

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0सं0-436/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना चुनार जनपद मीरजापुर।

गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समय —

थाना चुनार क्षेत्रांतर्गत ग्राम सझौली, रामरती देवी फार्मेसी कॉलेज के पास से, दिनांकः 08.09.2025 को समय 16.30 बजे।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र भूषण मौर्य मय पुलिस टीम थाना चुनार जनपद मीरजापुर।

उप निरीक्षक दिलीप कुमार व उप निरीक्षक सूर्यकान्त राय मय पुलिस टीम थाना चुनार जनपद मीरजापुर।

****